दिन– शुक्रवार                                                    दिनांक– 29 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                       अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घुसपैठियों की पहचान कर देश से निकालने की प्रतिबद्धता दोहराई।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी।

03. पंचायत सचिवों ने पचास दिनों से चल रही बेमियादी हड़ताल समाप्त कर एक जून से काम पर लौटने का किया फैसला।

04. और, पटना, गया, नालंदा, वैशाली, और सीतामढ़ी समेत कई जिलों में हो रही है तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश।

———————————————————————

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश से प्रत्येक घुसपैठिए की पहचान कर निर्वासित करने की सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई है। श्री शाह गुजरात के गांधीनगर में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठ और अन्य अस्वाभाविक कारणों से होने वाले कृत्रिम जनसांख्यिकीय बदलावों की जांच के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति इस मुद्दे से निपटने के लिए कानून की आवश्यकता का भी आकलन करेगी।

———साउंड बाईट———

घुसपैठिए को देश के बाहर निकालना ये हमारी सरकार का संकल्प है और इसके लिए नरेन्द्र मोदी जी ने एक डेमोग्राफी चेंज कमेटी बनाने का निर्णय किया है। ये हाई पावर कमेटी देशभर में जनसांख्यिकी का जो कृत्रिम बदलाव हुआ है उसके कारणों और उपायों की चिंता करेंगी और इसके लिए कोई कानून बनाने की जरूरत है, तो इसकी भी चिंता करेगी।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति की प्रतिबद्धता दोहराई है। पटना में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये श्री चौधरी ने कहा कि भ्रष्टाचार करने वालों के लिए जेल के दरवाजे हमेशा खुले हैं।

———साउंड बाईट———

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री राष्ट्रपति को भागलपुर के तिलकपुर गांव में स्वतंत्रता सेनानी तिलका मांझी की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण देंगे।

———साउंड बाइट———

इससे पहले कल श्री चौधरी ने उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन से मुलाकात की। इस दौरान बिहार के विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने दिल्ली में पदस्थापित बिहार कैडर के आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के साथ भी संवाद किया। उन्होंने अधिकारियों से विकसित बिहार बनाने के संकल्प में सहयोग की अपील की है।

———————————————————————

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में ये जानकारी दी। श्री सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ हुई भेंट में विकसित बिहार और कृषि क्षेत्र के उन्नयन में युवाओं और महिला उद्यमियों की सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के विषय पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

———————————————————————

पंचायत सचिवों ने पचास दिनों से चल रही बेमियादी हड़ताल समाप्त कर दी है। एक जून से सभी पंचायत सचिव अपनी पंचायत और प्रखंड में योगदान देंगे। हालांकि, पंचायत सचिवों ने स्पष्ट किया है कि वे अभिकर्ता नहीं बनेंगे। बिहार राज्य पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश और पंचायती राज निदेशक नवीन कुमार सिंह के साथ अलग–अलग वार्ताओं के बाद हड़ताल समाप्त करने पर सहमति बनी। उन्होंने कहा कि सरकार ने संघ की सभी पांच मांगों को मानने का भरोसा दिया है।

———————————————————————

खान एवं भूतत्व विभाग ने ओवरलोडिंग की रोकथाम के लिए प्रत्येक बालू घाट पर इलेक्ट्रॉनिक धर्म कांटा लगाना अनिवार्य कर दिया है। साथ ही बंदोबस्तधारी को धर्मकांटा और विभाग द्वारा निर्धारित स्थान पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी लगाने के निर्देश दिये गए हैं। यह दोनों उपकरण केंद्रीय सर्वर से जुड़े होंगे, जिससे विभाग केंद्रीयकृत स्तर पर ओवरलोडिंग की निगरानी कर सकेगा। इस संबंध में विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

———————————————————————

विशेष निगरानी इकाई ने सरकारी ठेके में भ्रष्टाचार मामले के आरोपी ठेकेदार रिशु श्री को गिरफ्तार कर लिया है। बाद में उसे पटना स्थित निगरानी की विशेष अदालत में पेश किया गया। कोर्ट के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में बेऊर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार ठेकेदार पर सरकारी ठेके हासिल करने के लिए कई अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप है।

————————————————————————

लोकभवन ने मौलाना मजहरुल हक अरबी और फारसी विश्वविद्यालय, मगध विश्वविद्यालय तथा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में कुलपति नियुक्ति की प्रक्रिया को रद्द कर दिया है। इस संबंध में राज्यपाल सचिवालय की ओर से अलग–अलग अधिसूचनाएं जारी की गई हैं।

————————————————————————

शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के चौथे चरण का विज्ञापन जल्द निकालने की मांग को लेकर छात्रों के एक प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री और जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने श्री कुमार से इस मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया।

————————————————————————

राज्य के सभी प्राथमिक विद्यालयों में कल अभिभावक–शिक्षक संगोष्ठी आयोजित होगी। यह संगोष्ठी मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक कल्याण विषय पर आयोजित की जायेगी। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिया है।

————————————————————————

पटना, गया, नालंदा, वैशाली, बक्सर और सीतामढ़ी समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हो रही है। पटना और आस–पास के इलाकों में दिन में ही रात जैसा नजारा हो गया। आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़–पौधे और बिजली के खम्भे उखड़ गये हैं, जिससे आवागमन और बिजली आपूर्ति व्यवस्था बाधित हुई है। इधर, मौसम विभाग ने अपने पुर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश की सम्भावना है।

———साउंड बाईट———

————————————————————————

म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग कल एक दिवसीय दौरे पर बोधगया आ रहे हैं। और ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

———साउंड बाईट———

म्यांमार के राष्ट्रपति विश्व प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर और बकरौर स्थित ऐतिहासिक सुजाता मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे। साथ ही वे म्यांमार के विभिन्न बौद्ध मठों का भी दौरा करेंगे। राष्ट्रपति के साथ उच्चस्तरीय अधिकारियों और बौद्ध प्रतिनिधियों का एक शिष्टमंडल भी मौजूद रहेगा। म्यांमार के राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुये महाबोधि मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

————————————————————————

कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में आज से तीन दिवसीय 'सर्वोदय संकल्प शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की विचारधारा तथा उनके सिद्धांतों को जन–जन तक पहुंचाना है।

———————————————————

सीएनजी की कीमत में एक बार फिर बढ़ोतरी हुई है। पटना में सीएनजी की कीमत अब दो रूपये प्रति किलो बढ़कर बानवे रूपये नब्बे पैसे प्रति किलो हो गई है।

———————————————————

कोसी नदी के जलस्तर में हुई अचानक वृद्धि से खगड़िया जिले के गोगरी प्रखंड के कपसिया–बीरवास पीपा पुल के दक्षिणी छोर का एक हिस्सा पानी में धंस गया है। इससे खगड़िया सहित, मधेपुरा, सहरसा और भागलपुर जिले से इस इलाके का संपर्क भंग हो गया। पीपा पुल का इसी साल अट्ठाईस जनवरी को उद्घाटन हुआ था।

———————————————————

पटना के राजेन्द्रनगर टर्मिनल रेलवे स्टेशन परिसर से डीआरई की टीम ने एक पिकअप वैन से साढ़े सात हजार बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त की है। मौके से दो तस्करों की गिरफ्तारी हुई है। इधर, पटना के ही रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक कंटेनर ट्रक से पचास लाख रुपये मूल्य की तीस हजार बोतल कफ सिरप जब्त की है। इस मामले में उत्तर प्रदेश के एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया।

———————————————————

पटना के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के रानीसराय में शराब बिक्री की सूचना पर छापेमारी करने गई उत्पाद विभाग की टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। हमले में कई कर्मी घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लिया है।

———————————————————

रोहतास जिले के डेहरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक पिकअप वैन से ढ़ाई करोड़ रूपये मूल्य के पांच क्विंटल गांजा के साथ चालक को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

सीवान जिले के महादेवा थाना क्षेत्र के कुशवाहा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। वहीं, समस्तीपुर जिले के हलई थाना क्षेत्र अंतर्गत चकलालशाही चौक पर अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार दंपती और उनकी पोती की मौत हो गई।

————————————————————————

मुंगेर जिले के असरगंज थाना क्षेत्र के तरबना पोखर के पास ई–रिक्शा और कार के बीच हुई टक्कर में ई–रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

————————————————————————

मगध रेंज के आईजी विकास वैभव ने जहानाबाद साइबर थाने में तैनात इंस्पेक्टर पंकज कुमार को अनुसंधान में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया है।

————————————————————————

शिवहर जिले के श्यामपुर भटहां थाना क्षेत्र अन्तर्गत पहाड़पुर गांव में आपसी विवाद में हुई हिंसक झड़प में एक युवक की मौत हो गयी।

————————————————————————

कटिहार में चार दिवसीय बिहार राज्य अंडर थर्टिन शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में उन्नीस जिलों के बच्चे शामिल हो रहे हैं।

————————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में गुजरात टाइटंस का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा। यह मुकाबला न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। इस मैच की विजेता टीम रविवार को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– विकसित बिहार के संकल्प में सहयोग करें अफसर।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– कर्नाटक में सिद्दरमैया का इस्तीफा, डीके का रास्ता साफ।

प्रभात खबर ने लिखा है– बिहार में अब लू नहीं, मॉनसून तक ठनके के आसार।

दैनिक भास्कर लिखता है– नीट री–टेस्ट, पेपर को ले जाने में वायु सेना की मदद लेने की तैयारी। रक्षा मंत्रालय ने दी हरी झंडी।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– सूबे के सभी प्रखंडों में बतौर मॉडल स्कूल सरस्वती विद्या निकेतन खुलेंगे– मुख्यमंत्री।

आज अखबार ने लिखा है– संविदा महिला कर्मियों को स्पेशल छुट्टी, बिहार बना देश का पहला राज्य।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घुसपैठियों की पहचान कर देश से निकालने की प्रतिबद्धता दोहराई।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी।

03. पंचायत सचिवों ने पचास दिनों से चल रही बेमियादी हड़ताल समाप्त कर एक जून से काम पर लौटने का किया फैसला।

04. और, पटना, गया, नालंदा, वैशाली, और सीतामढ़ी समेत कई जिलों में हो रही है तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।